सूचकांक 123 अंक चढ़कर उच्चतम स्तर पर बंद

मुंबई, 5 अगस्त (भाषा)।

शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार चौथे दिन तेजी रही और बीएसई सूचकांक 123.07 अंक की मजबूती के साथ नए रेकार्ड स्तर पर बंद हुआ। निवेशकों के आईटी, दूरसंचार और दैनिक उपयोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार चढ़ा। डॉलर के मुकाबले रुपए में तेजी और विदेशी पूंजी प्रवाह से बाजार धारणा को बल मिला।

तीस शेयरों पर आधारित सूचकांक कारोबार के दौरान 54,717.24 अंक के अब तक के उच्चतम स्तर तक चला गया था। लेकिन अंत में यह 123.07 अंक यानी 0.23 फीसद की बढ़त के साथ 54,492.84 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 35.80 अंक यानी 0.22 फीसद मजबूत होकर नए रेकार्ड स्तर 16,294.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 16,349.45 के उच्चतम स्तर तक चला गया था।

सूचकांक के शेयरों में 4.30 फीसद की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में भारती एयरटेल का शेयर रहा। इसके अलावा, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.41 फीसद की मजबूत आई। इसका कारण निवेशकों ने कुमार मंगलम बिड़ला के कर्ज में फंसी वोडाफोन आइडिया के चेयरमैन पद से हटने के बाद संभावित दो कंपनियों वाले दूरसंचार बाजार पर दांव लगाया।

आइटीसी, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, एचसीएल टेक और एचडीएफसी बैंक में भी 3.14 फीसद तक की तेजी आई। दूसरी तरफ, गिरावट वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, आइसीआइसीआइ बैंक, बजाज फिनसर्व और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं। इनमें 3.33 फीसद तक की गिरावट आई।

रिजर्व बैंक शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करेगा। ऐसी संभावना है कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति दबाव को देखते हुए नीतिगत दर के मामले में यथास्थिति बनाए रख सकता है। क्षेत्रवार बीएसई दूरसंचार, धातु, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और आइटी शेयर 3.39 फीसद तक चढ़े जबकि रियल्टी, बैंक और वित्तीय सूचकांक नुकसान में रहे। मझोली कंपनियों से जुड़ा सूचकांक 0.10 फीसद चढ़ा जबकि छोटी कंपनियों का सूचकांक 0.43 फीसद नीचे आया।

एशिया के अन्य बाजारों में शंघाई, हांगकांग और सियोल नुकसान में रहे जबकि टोक्यो में तेजी रही। यूरोप के प्रमुख बाजारों में मध्याह्न कारोबार में सकारात्मक रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.72 फीसद की बढ़त के साथ 70.89 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे चढ़कर 74.17 पर बंद हुआ। शेयर बाजारों में उपलब्ध आंकड़े के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में बुधवार को शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने 2,828.57 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

घाटे पर काबू पाने की जगह अधिक खर्च वाली नीतियों पर ध्यान दे केंद्र : बनर्जी

कोलकाता, 5 अगस्त (भाषा)।

नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार को घाटे पर काबू पाने की अधिक चिंता किए बिना यूरोप और अमेरिका जैसी अन्य अर्थव्यवस्थाओं की तरह अधिक खर्च वाली नीतियों पर ध्यान देना चाहिए।

बनर्जी पश्चिम बंगाल के वैश्विक सलाहकार बोर्ड (जीएबी) के प्रमुख हैं और राज्य सरकार को महामारी से संबंधित मुद्दों पर सलाह दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना, सीधे देश की अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार से संबंधित है, जो महामारी के कारण दबाव में है। बनर्जी ने केंद्र द्वारा पिछले साल समय-समय पर उपकरों में बढ़ोतरी के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, 'सरकार के सामने राजकोषीय समस्या है और उसे खुलकर खर्च करने वाली नीतियों की तुलना में बजट को संतुलित करने पर अधिक भरोसा हो सकता है। सरकार अपने पास मौजूद एक उपाए का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है क्योंकि अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमे होने के चलते कर संग्रह की गति बरकरार नहीं रह सकी है। वह इसका इस्तेमाल बजट को संतुलित करने के लिए कर रही है।' उन्होंने आगे कहा कि लेकिन यह वह दिशा नहीं है, जो सरकार को नहीं लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि सरकार को अधिक खुलकर खर्च करना चाहिए। मैंने यह कई बार कहा है। मुझे लगता है कि केंद्र सरकार वह करने के लिए तैयार नहीं है, जो अमेरिका या यूरोपीय अर्थव्यवस्थाएं कर रही हैं- नोट छापना और खर्च करना। और मुझे लगता है कि वर्तमान संदर्भ में यह एक बेहतर नीति होती।' बनर्जी ने केंद्र की तारीफ करते हुए कहा कि सरकार अब इस दिशा में बढ़ रही है।

रुपए में चौथे दिन तेजी जारी, डॉलर के मुकाबले दो पैसे मजबूत

मुंबई, 5 अगस्त (भाषा)।

डॉलर के मुकाबले रुपए में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गुरुवार को भी तेजी जारी रही। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में रुपया दो पैसे की मामूली तेजी के साथ 74.17 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

बाजार सूत्रों ने कहा कि निवेशकों ने शुक्रवार को पेश होने वाली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले सतर्क रुख अपनाया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सुबह रुपया 74.15 पर खुला तथा कारोबार के दौरान 74.28 रुपये के निम्नतम स्तर को छू गया। अंत में यह पिछले सत्र के बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की तेजी के साथ 74.17 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपए का यह बंद स्तर, 21 जून के बाद का उच्च स्तर है।

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.22 रह गया।

'पीएफआरडीए', 'एनपीएस' ट्रस्ट अलग होने को तैयार

नई दिल्ली, 5 अगस्त (भाषा)।

पीएफआरडीए और एनपीएस ट्रस्ट अपने प्रस्तावित अलगाव के लिए तैयार हैं और उन्होंने अलग होने के बाद अपने विशिष्ट कार्य क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया है।

शीर्ष अधिकारी ने कहा कि इस मामले में अंतिम फैसले के लिए संसद द्वारा पीएफआरडीए कानून में संशोधन का इंतजार है। उम्मीद है कि संसद के मौजूदा मानसून सत्र में कानून में संशोधन का विधेयक पारित हो सकता है। पेंशन कोष नियामक व विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के अध्यक्ष सुप्रतिम बंद्योपाध्याय ने बताया कि अलगाव के लिए पीएफआरडीए अधिनियम में संशोधन जरूरी है। उन्होंने कहा, 'हमने अब तक ट्रस्ट को लोगों की भर्ती करने की अनुमति दी है। उन्होंने लगभग 14-15 लोगों की भर्ती की है और अगले कुछ महीनों में वे पांच और लोगों की भर्ती करेंगे। इस तरह कुल कर्मचारियों की संख्या 20 हो जाएगी।' उन्होंने कहा, 'हम अलग होने के लिए तैयार हैं, और साथ ही हमने तय किया है कि उनके (एनपीएस ट्रस्ट) द्वारा विशेष रूप से कौन से काम किए जाने हैं और पीएफआरडीए किन चीजों पर ध्यान देगा।' पहले एनपीएस ट्रस्ट, पीएफआरडीए भवन में स्थित था, लेकिन अब उसे दूसरी इमारत में स्थानांतरित कर दिया गया है। बंद्योपाध्याय ने कहा कि उन्हें कुछ महीने पहले एक नया सीईओ मिला है और वह अलगाव से संबंधित कार्य की निगरानी कर रहे हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ग्राहकों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए एनपीएस ट्रस्ट को पीएफआरडीए से अलग करने की घोषणा की थी। ट्रस्ट की स्थापना पीएफआरडीए ने एनपीएस के तहत संपत्ति और कोष के रखरखाव के लिए की थी। दोनों को अलग करने का प्रस्ताव पिछले कुछ वर्ष से विचाराधीन है।

रिटर्न नहीं भरने वाले 15 अगस्त से ई-वे बिल सृजित नहीं कर पाएंगे : जीएसटीएन

नई दिल्ली, 5 अगस्त (भाषा)।

जीएसटी नेटवर्क ने कहा कि जिन करदाताओं ने जून, 2021 तक दो महीने या जून 2021 तिमाही तक जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं किए हैं, वे 15 अगस्त से ई-वे बिल सृजित नहीं कर पाएंगे।

विशेषज्ञों का कहना है कि इस कदम से अगस्त में वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) संग्रह बढ़ाने में मदद मिलेगी, क्योंकि लंबित जीएसटी रिटर्न दाखिल होने की उम्मीद है। पिछले साल केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआइसी) ने कोविड महामारी के दौरान अनुपालन राहत देते हुए रिटर्न दाखिल न करने वालों के लिए इलेक्ट्रॉनिक ई-वे बिल सृजित करने पर रोक को निलंबित कर दिया था।

जीएसटीएन ने करदाताओं से कहा, 'सरकार ने अब सभी करदाताओं के लिए ईडब्लूबी पोर्टल पर ईवे बिल सृजित करने पर रोक को 15 अगस्त से फिर बहाल करने का फैसला किया है।' इस तरह 15 अगस्त, 2021 के बाद सिस्टम दाखिल किए गए रिटर्न की जांच करेगा और जरूरी होने पर ईवे बिल सृजित करने पर रोक लगाएगा।

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि जीएसटीएन ने जीएसटी रिटर्न दाखिल नहीं करने वाले सभी लोगों पर दबाव बढ़ा दिया है और ई-वे बिल के सृजन पर रोक से कई व्यवसाय ठप हो जाएंगे। मोहन ने कहा कि इस स्वचालित दंडात्मक कार्रवाई से अगस्त में कर संग्रह बढ़ेगा। नेक्सडाइम के कार्यकारी निदेशक (अप्रत्यक्ष कर) साकेत पटवारी ने कहा कि हालात अब धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं, कर प्रशासन व्यवसायों से जीएसटी अनुपालन को नियमित करने का आग्रह कर रहा है। उन्होंने कहा कि रिटर्न दाखिल करने के बाद ई-वे बिल सृजन को दोबारा शुरू करना आसान प्रक्रिया है।

HINDUSTAN ADHESIVES LIMITED
Registered Office: B-2/8 Safdarjung Enclave, New Delhi -110029
CIN-L74899DL1988PLC031191
Notice
Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Wednesday, 11th August, 2021 at 12:00 P.M, inter- alia, to consider and approve the unaudited financial results of the Company for quarter ended on 30th June, 2021.
The information contained in this notice is also available on the Company's website at www.bagla-group.com and the website of the Stock Exchange BSE Limited- www.bseindia.com.
For Hindustan Adhesives Limited
Sd/-
M.S. Bagla
Place: New Delhi — Managing Director
Date : 05.08.2021 — DIN-01425646

INTERNATIONAL SECURITIES LIMITED
Registered Office: Statesman House 148, Barakhamba Road, New Delhi 110001
CIN : L74899DL1993PLC053034
Website : www.internationalsecuritiesltd.com
Email : isl@bol.net.in
Notice
Notice is hereby given pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of the Company will be held on Friday, 13th August, 2021 at 11:00 A.M, inter-alia, to consider and approve the Un-audited Financial Results of the Company for the quarter ended on 30th June, 2021.
The information contained in this notice is also available on the Company's website at www.internationalsecuritiesltd.com and the website of the Stock Exchange Metropolitan Stock Exchange of India Ltd - www.msei.in.
For INTERNATIONAL SECURITIES LIMITED
Sd/-
RAJEEV KUMAR GUPTA
Place : New Delhi — Whole Time Director
Date : 05.08.2021 — DIN-00039399

जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड
सीआईएन: L74899DL1995PLC064007
पंजीकृत कार्यालय: 128, पहली मंजिल, शिवा मार्केट पीतमपुरा उत्तरी दिल्ली-110034
वेबसाइट: www.grmrice.com | ईमेल आईडी: grmrice1@gmail.com
दूरभाष नं: 011-47330330 | फैक्स नंबर: 011-(0180 - 2653673)
सार्वजनिक सूचना
भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 29(1)(ए) के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में, एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक गुरुवार, 12 अगस्त, 2021 को दोपहर 03: 30 बजे आयोजित करने के लिए निर्धारित की गई है जिसमे अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित व्यवसाय पर चर्चा की जाएगी:
1. 30 जून 2021 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के अनअंकेक्षित स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों पर विचार और अनुमोदन करना।
2. कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों को अंतरिम लाभांश की घोषणा पर विचार और अनुमोदन करना।
इसके अलावा, जैसा कि हमारे पत्र दिनांक-30 जून, 2021 के द्वारा पहले सूचित किया गया था, सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 2015 के अनुसार आचार संहिता के साथ पठित, कंपनी की ट्रेडिंग विंडो, इनसाइडर्स ट्रेडिंग को विनियमित करने, मॉनिटर करने और रिपोर्ट करने के लिए कंपनी द्वारा, सभी नामित व्यक्तियों और उनके रिश्तेदारों के लिए 01.07.2021 से बोर्ड की बैठक के समापन के 48 घंटे तक यानी 14.08.2021 (दोनों दिन शामिल) तक बंद कर दी गई है।
उक्त सूचना कंपनी की वेबसाइट http://www.grmrice.com पर देखी जा सकती है और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट http://www.bseindia.com पर भी देखी जा सकती है।
बोर्ड के आदेश से
जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
दिनांक: 05 अगस्त, 2021 — बलवीर सिंह
स्थान: नई दिल्ली — (कंपनी सचिव)

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम
बागवानी विभाग (मुख्यालय)
ई ब्लॉक, तीसरा तल, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली-110002
निविदा आमंत्रण सूचना
डीडीएच (मुख्यालय) द्वारा एनआईटी सं डीडीएच/(एचक्यू)/एसडीएमसी/2021-22/602/एनआईटी सं. 5 दिनांक 05.08.2021 में जारी निविदा सं. 2021_एसडीएमसी_84143_1 के अनुसार अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सुदृढ़ पात्र फर्म/ठेकेदारों से एकल चरण-दो बोली पद्धति में ऑनलाइन खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा लागत रु. 1000/-प्रत्येक, अनुमानित राशि रु. 6.00 लाख। डाउनलोड तथा बोली जमा करने की तिथि 06.08.2021 से 09.08.2021 को अप. 03.00 बजे तक। तकनीकी बोली का खुलना 10.08.2021 को अप. 03.30 बजे। स्वयं को पंजीकृत कराने के बाद (यदि ई-टेंडरिंग के लिए पहले से पंजीकृत नहीं है) विस्तृत नियम एवं शर्तों के साथ निविदा दस्तावेज वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड किए जा सकते हैं या एसडीएमसी की वेबसाइट www.mcdonline.nic.in/SDMCPortal/Tenders/CPP-ETENDERS. देखें। ऑनलाइन टेंडर के लिए हेल्पडेस्क नं. है. 011-23227413 और 011-23227414 या ई-मेल करें : MCD-ITHELPDESK@mcd.nic.in इन निविदाओं के सभी विवरण, संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, समय विस्तार आदि, यदि कोई हुआ, केवल एसडीएमसी की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा और समाचार पत्रों में अलग से प्रकाशित नहीं किया जाएगा। इच्छुक बोलीदाता इन निविदाओं के संबंध में स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।
उप निदेशक (बागवानी) मुख्यालय
RO No. 35/S/DPI/2021-22 — 011-23225334

फेडरल बैंक ई-48, हौज खास, नई दिल्ली-110016
द फेडरल बैंक लिमिटेड आपका सर्वोत्तम बैंकिंग साझेदार पंजीकृत कार्यालय : अलवाये, केरल
स्वर्ण की निजी बिक्री की सूचना
सभी सम्बन्धितों को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक की निम्नलिखित शाखाओं के तहत निम्नलिखित स्वर्ण ऋण खातों में बंधक स्वर्ण आभूषण, जो विमोचित करने के लिए अतिशोध्य हैं और बार-बार सूचनाओं के बावजूद अब तक नियमित नहीं किये हैं, निम्नानुसार 21.08.2021 को या इसके पश्चात शाखा में बिक्री हेतु रखे जायेंगे :

शाखा/स्थान		
फेडरल बैंक, ई-48, हौज खास, नई दिल्ली	1) एम कनन	19806100012193
	2) मंजू शर्मा	19806100012409
	3) बबली	19806100012581
	4) गुरकीरत कौर	19806200002300
	5) नीरू गांधी	19806200002284

स्थान : नई दिल्ली, तिथि : 05.08.2021 — शाखा प्रबन्धक, द फेडरल बैंक लिमिटेड

SRI AMARNATH FINANCE LIMITED
CIN: L74899DL1985PLC020194
Reg. Office: 4883-84, Second Floor, Main Road, Kucha Ustad Dag, Chandni Chowk, Delhi-110006
Email:amarnath01finance@gmail.com, Tel: 011-23953204/23392222
Website: www.sriamarnathfinance.in
Addendum to the Notice of 36th Annual General Meeting
This is with reference to the Notice dated 19th July, 2021 sent to the Shareholders for convening the 36th Annual General Meeting (AGM) of the company on Tuesday, 17th August, 2021 at 10 A.M. at **A-73/1, G.T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110052.** The AGM Notice has already mailed and dispatched to the shareholders of the Company in due compliance with the provisions of the companies Act, 2013 read with rules made thereunder the Act.
Subsequent to the issuance of the AGM Notice, the company has received the resignation from the M/s Vinod Vishal & Co. as statutory auditor of the company w.e.f. 05th August, 2021, to fill the casual vacancy the board of directors with the recommendation of audit committee has appointed M/s. Rajender Kumar Singal & Associates LLP (Chartered Accountants) as statutory auditor of the company subject to approval of shareholders till the conclusion of 36th Annual General Meeting of the company; as well as it is also proposed to appoint them as statutory auditors of the company for a term of five (5) consecutive years commencing from the conclusion of the said 36th Annual General meeting till the conclusion of the 41 Annual General Meeting (i.e. from FY 2021-22 to 2025-26)
Accordingly, the company has amended the notice of the 36th AGM by adding additional agendas as special business in Item No. 3 and Item No.4. In Addendum to Notice to 36th AGM the said addendum to notice to 36th AGM is also available on the company website www.sriamarnathfinance.in. This addendum to notice shall form an integral part of notice dated 19th July, 2021 circulated to the shareholders of the company.
The company shall take necessary action for updating the aforesaid Addendum to the AGM Notice on the website of NSDL and BSE Limited for their information and necessary action. Members and other stakeholders are requested to read the AGM Notice along with the Addendum.
All the processes, notes and instructions relating to e-voting set out for and applicable to the ensuing 36th AGM shall mutatis-mutandis apply to the e-voting for the Resolutions proposed in this addendum to the Notice of 36th AGM, furthermore, the scrutinizers appointed for the ensuing 36th AGM will act as scrutinizers for the Resolution proposed in this Addendum to the Notice of 36th AGM.
This notice is also available on the Company website www.sriamarnathfinance.in and website of BSE Limited www.bseindia.com.
For SRI AMARNATH FINANCE LIMITED
Sd/-
Rakesh Kapoor
Date: 05.08.2021 — (Managing Director)
Place: New Delhi

जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय- 128, प्रथम तल, शिवा मार्केट पीतमपुरा दिल्ली 110034
सीआईएन- L74899DL1995PLC064007
दूरभाष नं. 011-47330330 | ईमेल: Investor.grm@gmail.com
वेबसाइट: www.grmrice.com
सूचना
निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष (आईईपीएफ) प्राधिकरण की डीमैट खाता में कम्पनी के इक्विटी शेयरों का अंतरण
यह सूचना निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण कोष प्राधिकरण (लेखा, ऑडिट, अंतरण तथा रिफंड) नियमावली, 2016, समय-समय पर यथा- संशोधित ("नियमावली") के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 124 (6) के प्रावधानों के अनुपालन में प्रकाशित की जा है।
नियमावली की अपेक्षाओं के अनुपालन में कम्पनी की ऐसी इक्विटी शेयरों जिसके संदर्भ में अंतरण की नियत तिथि को लगातार सात वर्षों अथवा अधिक से लाभांश अप्रदत्त अथवा दावा-रहित रहा है, को आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाता में क्रेडिट किया जाना है।
तदनुसार, कम्पनी ने ऐसे सभी संबंधित शेयरधारकों जिनके शेयरों को अब आईईपीएफ प्राधिकरण में अंतरित किया जाना नियत है, को वित्त वर्ष 2013-14 तथा बाद के अप्रदत्त लाभांश (शों) का दावा करने का उन्हें परामर्श देते हुए उनके पंजीकृत पते पर उन्हें सूचित कर दिया है। उनकी फोलियो संख्या अथवा डीपी आईडी- क्लाइन्ट आईडी सहित ऐसे शेयरधारकों का सम्पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाईट www.grmrice.com तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है।
शेयरधारक कृपया ध्यान रखें कि जब उपरोक्त इक्विटी शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण की डीमैट खाता में अंतरित की जायेगी तो कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 (6) के ऊपर वर्णित नियमावली में यथा-निर्दिष्ट तथा प्रावधान को किसी भी रूप में ऐसे शेयर बिक्री अथवा अंतरण अथवा व्यवसाय के लिये शेयरधारकों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।
शेयरधारक पुनः ध्यान रखें कि आईईपीएफ प्राधिकरण की डीमैट खाता में एक बार अंतरित कर दी गई दोनों दावा- रहित लाभांश तथा ऐसी शेयरों पर उपचयित सभी लाभों सहित तत्स्थानीय शेयरों को उपरोक्त नियमावली में निर्दिष्ट प्रक्रिया का अनुसरण करने के बाद आईईपीएफ प्राधिकरण से वापस प्राप्त किया जा सकता है।
संबंधित शेयरधारकों को आमंत्रित किया जाता है कि शुक्रवार, 05 नवम्बर, 2021 तक संबंधित कम्पनी/आरटीए के पास आवेदन कर वित्त वर्ष 2013-14 तथा आगे के लिये दावा-रहित लाभांश का दावा प्रस्तुत करें जिसमें विफल रहने पर उनकी शेयरों को आईईपीएफ प्राधिकरण की डीमैट खाता में अंतरित कर दिया जायेगा। दावा-रहित लाभांश का दावा करने अथवा यदि आपको किसी सूचना/ स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया, investor.grm@gmail.com पर कम्पनी अथवा INVESTOR@masserv.com पर एम ए एस सर्विस लिमिटेड, कंपनी के रजिस्ट्रार तथा शेयर अंतरण एजेन्ट को लिखें।
बोर्ड के आदेश से
जीआरएम ओवरसीज लिमिटेड के
हस्ता./-
दिनांक: 05.08.2021 — अतुल गर्ग
स्थान: दिल्ली — प्रबंध निदेशक

धनवंतरी जीवन रेखा लि०
1, साकेत, मेरठ-250 003 फोन: 0121-2648151-52, 2651801, फैक्स: 2651803
e-mail: dhanvantrihospital@gmail.com ; website: www.djrl.org.in
सूचना
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी (सूचीबद्ध दायित्वों तथा प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम, 2015 के नियम 29 जिसे नियम 47 के साथ पढ़ा जाए, के अनुपालन में कम्पनी के 30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने व अनुमोदन हेतु कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक सेबी (एलओडीआर), 2015 के नियम 33 के अनुपालन में शनिवार, 14 अगस्त, 2021 को दोपहर 01.00 बजे मेरठ में होगी।
उपरोक्त सूचना कंपनी की वेबसाइट http://www.djrl.org.in व स्टाक एक्सचेंज की वेबसाइट http://www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।
वास्ते धनवंतरी जीवन रेखा लि०
ह०
स्थान: मेरठ
दिनांक 06.08.2021 — प्रेमजीत सिंह कश्यप (अध्यक्ष सह निदेशक)

HDFC CREDILA The Education Loan Specialist
HDFC Credila Financial Services Limited
Regd. Office: B-301, Citi Point, Andheri-Kurla Road, Andheri (East), Mumbai 400 059
Tel No: 022-2825 6636 | Website: www.hdfccredila.com
(CIN: U67190MH2006PLC159411)
PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to all our customers and the general public that our branch office at Unit No. 403 & Unit No. 404, 4th Floor, Copia Corporate Suites, Plot No. 09, Jasola District Centre, New Delhi -110 025 shall be closed w.e.f 12/09/2021. We shall be operating from our new branch office being **Unit No. 4-A/1 & Unit No. 4-A/2, in Commercial Complex 'Plaza M-6', on 4th floor, Plot No. 6, in Hierarchical Commercial Centre at Jasola, New Delhi- 110 025,** to cater to your education loan needs.
For any queries, please write to us at **support@hdfccredila.com.**
For and on behalf of
HDFC Credila Financial Services Limited
(Formerly known as HDFC Credila Financial Services Private Limited)
Sd/-
Arijit Sanyal
Managing Director & CEO
Date: 6th August 2021
Place: New Delhi

प्रपत्र क
सार्वजनिक घोषणा
[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]
फनबार्स हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ

सुसंगत विशिष्टियां		
1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	फनबार्स हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	18.02.2014
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली एवं हरियाणा, कम्पनी अधिनियम, 1956 के तहत
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या	U55103DL2014PTC284977
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	पंजीकृत कार्यालय : A-95, S/F, राइट साइड, गली नं. 10, चन्दर विहार, मंडावली, दिल्ली, पूर्वी दिल्ली-110092
6.	कार्पोरेट देनदार के सम्बन्ध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि	03.08.2021 (आईआरपी से आदेश ह्वाट्सएप के माध्यम से 05.08.2021 को प्राप्त हुआ)
7.	ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि	29.01.2022 (ऋणशोधन अक्षमता प्रारम्भ होने की तिथिसे 180वाँ दिन)
8.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर	हरविन्दर सिंह पंजीकरण संख्या IBBI/IPA-001/IP-P00463/2017-18/10806
9.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल पता और ई-मेल, जैसा कि बोर्ड में पंजीबद्ध है।	11-सीएससी, डीडीए मार्केट, ए-ब्लॉक, सरस्वती विहार, नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली-110034 ई-मेल : harvinder@akgandassociates.com Funbars.cirp@gmail.com
10.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल का पत्राचार हेतु प्रयुक्त पता और ई-मेल	11-सीएससी, डीडीए मार्केट, ए-ब्लॉक, सरस्वती विहार, नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली-110034 ई-मेल : harvinder@akgandassociates.com Funbars.cirp@gmail.com
11.	दावा प्रस्तुत करने हेतु अन्तिम तिथि	19.08.2021
12.	अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की उप-धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियाँ, यदि कोई हो	वर्ग(र्गों) का नाम - अप्रयोज्य
13.	किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिन्हित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम)	1. अप्रयोज्य 2. अप्रयोज्य 3. अप्रयोज्य
14.	(क) सम्बन्धित प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है :	(अ) वेब लिंक : http://ibbi.gov.in/downloadform.html प्रयोज्य प्रपत्रों हेतु कृपया नीचे नोट 1 देखें। (ब) अप्रयोज्य

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली पीठ (कोर्ट II) ने फनबार्स हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध दिनांक 03.08.2021 को कॉर्पोरेट ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया आरम्भ करने का आदेश दिया है।
फनबार्स हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों से एतद्वारा अपने दावों का प्रमाण 19.08.2021 को अथवा इससे पूर्व अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने के लिए कहा जाता है।
वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण दस्ती (व्यक्तिगत रूप से), डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।
दावों के प्रमाण भारतीय ऋणशोध अक्षमता एवं दिवालिया बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋणशोध समाधान प्रक्रिया) के अध्याय IV के अनुसार प्रस्तुत किये जाने हैं। दावों के प्रमाण निम्नलिखित निर्दिष्ट प्रपत्रों द्वारा जमा किये जाने हैं :
नोट 1.
प्रपत्र ख : कामगारों तथा कर्मचारियों को छोड़कर प्रचालनात्मक क्रेडिटरों द्वारा दावों के लिए
प्रपत्र ग : वित्तीय लेनदारों द्वारा दावों के लिए
प्रपत्र गक : किसी वर्ग के वित्तीय लेनदारों द्वारा दावों के लिए (रियल एस्टेट परियोजना के तहत)
प्रपत्र घ : कामगारों तथा कर्मचारियों द्वारा दावों के लिए
प्रपत्र ङ : कामगारों तथा कर्मचारियों के अधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा दावों के लिए
प्रपत्र च : वित्तीय लेनदारों तथा प्रचालनात्मक लेनदारों के अतिरिक्त लेनदारों द्वारा दावों के लिए
दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दण्डनीय होगी।
कृपया दावा प्रपत्र में सम्पर्क विवरण का उल्लेख करें ताकि दावे से सम्बन्धित किसी पूछताछ का तत्काल समाधान किया जा सके।
हरविन्दर सिंह
(पंजीकरण सं. IBBI/IPA-001/IP-P00463/2017-18/10806)
तिथि : 06.08.2021 — फनबार्स हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के मामले में
स्थान : दिल्ली — अन्तरिम समाधान प्रोफेशनल

प्ररूप संख्या. आईएनसी-26ए
सार्वजनिक कंपनी को निजी कंपनी में बदलने के लिए समाचार पत्र मे प्रकाशित होने वाला विज्ञापन
क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष
कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय
उत्तरी क्षेत्र
कंपनी अधिनियम, 2013, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 41 के मामलें में और
मैसर्स मानसरोवर रियलटेक लिमिटेड (CIN: U45400DL2007PLC167379) जिसका पंजीकृत कार्यालय बी-113, चंदर नगर, नई दिल्